JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2025/03/418–**प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक: 12.03.2025

धुलण्डी के दिन 14.03.2025 को मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं आशिंक बन्द रहेगी।

जयपुर 12 मार्च। जयपुर मेट्रो राष्ट्रीय पर्वों, त्यौहारों एवं उत्सवों के दिनो में भी जनता के प्रति अपना सामाजिक सरोकार पूरी तरह निभाता रहा है। इसी कड़ी में आगामी 14 मार्च धुलण्डी के दिन निर्धारित टाईम टेबल सुबह 5:20 बजे से 02:00 बजे तक मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं बन्द रहेंगी। इसके पश्चात दोपहर 02:10 से रात्रि 10:21 तक अनवरत मेट्रो सेवाएं संचालित की जायेगी।

जयपुर के नागरिकों से अपील की जाती है कि धुलण्डी के दिन वे अपने मित्रों एवं रिश्तेदारों के संग मेट्रो में यात्रा का आनन्द लें, लेकिन मेट्रो परिसर, प्लेटफार्मो एवं मेट्रो ट्रेनों में रंग डालने, रंग खेलने एवं हुडदंग करने की पूरी तरह मनाही है। मेट्रो यात्रियों के लिए गुलाल, रंग एवं पानी से भरी पिचकारियां–गुब्बारे एवं बोतलें ले जाने पर रोक रहेगी। इसके अलावा रंग से सने कपड़ों से मेट्रो परिसर एवं ट्रेनों को गंदा करने की भी मनाही है। नशाधीन स्थिति में मेट्रो परिसर में प्रवेश वर्जित है।

मेट्रो रेलवे (ऑपरेशन एवं मेन्टीनेन्स) एक्ट, 2002 के तहत् जहां मेट्रो ट्रेनों एवं इसके परिसरों को गंदा करने पर न्यूनतम 200 रूपये का जुर्माना निहित है।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने मेट्रो प्रशासन की और से जयपुर वासियों तथा मेट्रो यात्रियों को होली की शुभकामनाएं दी और बताया कि मेट्रो यात्री 14 मार्च (धुलण्ड़ी) को मेट्रो संचालन सेवा में किये गये आंशिक बदलाव को देखते हुए यातायात की असुविधा से बचें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो